दिन–शुक्रवार दिनांक– 12/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों के लिए कामों का निर्धारण कर दिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। नवगठित युवा रोजगार और कौशल विकास विभाग के जिम्मे उन्नीस दायित्व सौंपे गए हैं, जिसमें रोजगार और कौशल बढ़ाने के लिए योजनाओं का निर्माण शामिल है। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मे सत्रह और नागर विमानन विभाग के जिम्मे नौ कार्य सौंपे गए हैं।

———————————————————————

सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें दो को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राजीव रौशन को नवगठित उच्च शिक्षा विभाग का पहला सचिव बनाया गया है। युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग के पहले सचिव के तौर पर कौशल किशोर को जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं, नागर विमानन विभाग के विशेष सचिव के रूप में निलेश रामचंद्र देवरे की नियुक्ति की गयी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवादा जिले के रजौली के चिरैला गांव स्थित बियाडा के निर्माणाधीन औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने रजौली के फुलवरिया में बन रहे फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से संवाद कर उनके रोजगार के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापित डाटा इंट्री ऑपरेटर चंदन कुमार शर्मा को चौदह हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी एक शिक्षक से वेतन निर्धारण करने के एवज में घूस ले रहा था।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, इओयू ने आज सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक के विकास पदाधिकारी भावेश कुमार सिंह के पटना और गोपालगंज स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की। इओयू की टीम ने बिहटा स्थित उनके राईस मिल से चालीस लाख रुपये नकद समेत आभूषण और जमीन के दस्तावेज बरामद किये हैं। वहीं, पटना के रामजयपाल नगर स्थित उनके आवास पर छापेमारी जारी है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष शिवराज पाटिल का आज नब्बे वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका कल अंतिम संस्कार किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग ने विशिष्ट दिव्यांगजनों के लिए परीक्षाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम की घोषणा की है। आयोग अब यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसे प्रत्येक दिव्यांगजन उम्मीदवार को आवेदन पत्र में उल्लिखित उनकी पसंद का केंद्र मिल सके। आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार ने कहा है कि यह फैसला पिछले पांच वर्ष में परीक्षा केंद्रों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर लिया गया है।

———————————————————————

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। वहीं, सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————

पटना के बेऊर थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध रूप से बालू की मंडी चलाने की शिकायत मिलने पर छापेमारी कर नौ ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया है। इस मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।